न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 25/2026 बउनवानी मनीष शर्मा बनाम तहसीलदार बामनवास
निवासी मुहाना मण्डी मानसरोवर जयपुर

GCMS No-2026/ 34 **Appeal Number- 321159057010154**

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज
25.2.2026	पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही हुआ। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने बाबत ऑन लाईन पोर्टल के माध्यम से दिनांक 2.1.2026 को लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बामनवास को अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर ***" ग्राम बामनवास पटटीकलां के नामा0 संख्या 1463 दिनांक 10.01.2025 के संबंध मे 3 बिन्दुओं की प्रमाणित सूचना "*** तहसीलदार बामनवास से दिलाये जाने बाबत निवेदन किया था किन्तु संबंधित लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में उसे चाही गयी सूचना उपलब्ध नही करवायी गयी है, जिसके कारण अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 की धारा 19(1) के तहत ऑन लाईन पोर्टल पर प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रेषित की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बामनवास को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बामनवास की ओर से प्रस्तुत जवाब नोटिस क्रमांक/भू.अ./2026/307 दिनांक 16.2.2026 का अवलोकन करने पर पाया गया कि प्रार्थना पत्र दिनांक 2.1.2026 मे चाही गयी सूचना यद्यपि प्रश्नात्मक है किन्तु फिर भी लोक सूचना अधिकारी द्वारा उक्त नामा0 की प्रति एवं पटवारी द्वारा तैयार की गयी फर्द मौका / मृतक गिर्राज प्रसाद शर्मा के वारिसान की सजरा रिपोर्ट लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बामनवास के पत्रांक/भू.अ.2026/189 दिनांक 27.1.2026 द्वारा अपीलान्ट को जरिये रजिस्टर्ड डाक भिजवायी जा चुकी है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते है,कि अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 2.1.2026 को प्रेषित प्रार्थना पत्र मे चाही गयी सूचना, लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बामनवास के पत्रांक/भू.अ./2026/189 दिनांक 27.01.2026 द्वारा अपीलान्ट को जरिये रजिस्टर्ड डाक भिजवायी जा चुकी है। ऐसी स्थिति मे अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आज्ञा सुनायी गयी। (काना राम) जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर

Scanned with OKEN Scanner